माडनखेड़ा में भिड़ीं दो बाइक, तीन घायल

तेजगढ़ थाना क्षेत्र के तालाब के मोड़ पर हुआ हादसा, जांच में जुटी पुलिस

तेन्दूखेड़ा, देशबन्धु। क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह तेजगढ़ थाना क्षेत्र के कलेहरा-जबेरा मार्ग पर माडनखेड़ा तालाब के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ही बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही तेजगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कोट खमरिया निवासी भगुन्त सिंह लोधी (70), वीरन सिंह लोधी (35) और कृष्ण लोधी (8) बुधवार को बाल कटवाने के लिए बाइक से माडनखेड़ा आए थे। बाल कटवाने के बाद वापस गांव लौटते समय माडनखेड़ा तालाब के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक मौके पर छोड़कर भाग गया। हादसे के बाद तीनों घायल सड़क किनारे पड़े मिले।

राहगीरों ने डायल-112 को सूचना दी। सूचना पर पायलट चरण सिंह ठाकुर और आरक्षक 79 प्रमोद ठाकुर मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया।

चाचा-भतीजे जबलपुर रैफर- अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भगुन्त सिंह लोधी और वीरन सिंह लोधी को गंभीर चोटों के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। दोनों के पैर, सिर और कमर में चोटें बताई गई हैं। परिजनों के अनुसार दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजे हैं, जबकि घायल कृष्ण, वीरन सिंह का पुत्र है।

अंधा मोड़ और तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह-

हादसा जिस स्थान पर हुआ, वहां सड़क पर घूमदार और अंधा मोड़ है। राहगीरों के अनुसार मोड़ पर वाहनों की तेज रफ्तार हादसे की प्रमुख वजह हो सकती है। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। तेजगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया है और फरार बाइक सवार की तलाश सहित पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

ढोलियाखेड़ा में घरों पर झूल रही बिजली की लाइनें, हादसे का खतरा

हटा, देशबन्धु। तहसील मुख्यालय से सटे ढोलियाखेड़ा में बिजली विभाग की अनदेखी लोगों की सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली के केबल घरों के ऊपर झूल रहे हैं, वहीं कुछ जगहों पर विद्युत लाइनें जमीन से महज 3 से 6 फीट की ऊंचाई पर लटक रही हैं। इससे रहवासियों के बीच करंट लगने और किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। नागरिको के अनुसार अरसे से बिजली लाइनों का उचित मेंटेनेंस नहीं होने के कारण कई केबल क्षतिग्रस्त होकर नीचे झूल गए हैं। कुछ स्थानों पर ये केबल घरों की दीवारों के बेहद करीब हैं। लाइनमैन और बिजली विभाग के कर्मचारियों को कई बार समस्या से अवगत कराने के साथ शिकायत भी की गई, लेकिन अभी तक आवश्यक सुधार नहीं हो सका है। रहवासियों ने बताया कि तेज हवा और आंधी के दौरान झूलती हुई केबल घरों की दीवारों से टकराने लगती हैं। ऐसे में बिजली के तार टूटने या करंट फैलने की आशंका बनी रहती है। घरों के आसपास कम ऊंचाई पर लटक रही विद्युत लाइनें बच्चों और राहगीरों के लिए भी खतरा बनी हुई हैं। लोगों ने विभाग से तत्काल निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त केबलों को दुरुस्त कराने और उन्हें सुरक्षित ऊंचाई पर लगाने की मांग की है। मामले में विद्युत मंडल हटा के एई प्रशांत खरे ने कहा कि मौके पर जाकर सुधार कराएंगे।

शराब पीने के बाद युवक की तबीयत बिगड़ी, मौत

दमोह, देशबन्धु। दमोह देहात थाना क्षेत्र की सागर नाका चौकी के पीछे रहने वाले मनीष जोगी (32) की मंगलवार रात जिला अस्पताल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि जहरीली शराब पीने से उसकी जान गई है। हालांकि, पुलिस ने मौत का कारण स्पष्ट नहीं किया है।

अवैध शराब से मौत का आरोप - मृतक के जीजा संतोष जोगी ने आरोप लगाया कि युवक ने सागर नाका कृषि उपज मंडी के सामने से अवैध शराब खरीदी थी। शराब पीने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और बाद में उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि शराब में कोई जहरीला पदार्थ मिला हो सकता है। जीजा के अनुसार युवक सोमवार सुबह घर से निकला था और शाम को शराब पीकर लौटा। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे उसके पास शराब खरीदने के पैसे नहीं थे। इसके बाद उसने घर से कुछ चने लिए और बाजार में बेचकर मिले पैसों से शराब पी।

स्टेशन चौराहे के पास बेहोश मिला - शराब पीने के बाद युवक स्टेशन चौराहे के पास बेहोशी की हालत में मिला। स्थानीय लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार को सागर नाका चौकी में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी। मंगलवार रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इसके बाद शव को मोर्चरी में रख दिया गया। बुधवार सुबह पुलिस ने परिजनों को उसकी मौत की सूचना दी। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने शव मोर्चरी में देखा।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कारण -पुलिस का कहना है कि युवक की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। परिजनों के जहरीली शराब के आरोपों की भी जांच की जा रही है।

सार-समाचार

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में साक्षरता शपथ कार्यक्रम

जबेरा, देशबन्धु। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत साक्षरता विभाग द्वारा प्रायोजित 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के तहत अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के विशेष अवसर पर सांदीपनि विद्यालय जबेरा में एक गरिमामयी साक्षरता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मार्गदर्शक शिक्षक अजय कुमार सिंघई रहे। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को साक्षरता की शपथ दिलाई और इस अभियान के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सिंघई ने विद्यार्थियों को समझाया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाना, समाज में साक्षरता के प्रति जागरूकता फैलाना और शिक्षा को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना है कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में कम से कम दो निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाएंगे। इसके साथ ही वे अपने आस-पास के परिवेश और मोहल्ले में रहने वाले निरक्षर लोगों को भी शिक्षा से जुड़ने और साक्षर होने के लिए प्रेरित करेंगे। इस शपथ समारोह में विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेयी, विवेक जैन, उमेश शर्मा, माखनलाल साहू, देवेंद्र मिश्रा सहित कई गणमान्य शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक सुर में पुन: यह दोहराया कि साक्षरता ही देश की उन्नति का आधार है। अंत में पूरा परिसर 'पढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारत' और 'जय भारत' के गगनभेदी उद्घोष से गुंजायमान हो उठा, जिसके साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ ।

54 गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र से पहुंचीं कुल 54 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 34 हाई रिस्क गर्भवती महिलाएं तथा 20 सामान्य गर्भवती महिलाएं शामिल रहीं। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. कुलदीप अजमानी एवं स्टाफ नर्स सुधा बघेल द्वारा किया गया। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, समय पर आवश्यक परीक्षण कराने तथा चिकित्सकों की सलाह के अनुसार दवाओं का सेवन करने की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी गर्भवती महिलाओं को खिचड़ी का वितरण भी किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी सुपरवाइजर एवं उनकी टीम ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी। महिलाओं को बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेना आवश्यक है। भोजन में हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें, अनाज, दूध एवं अन्य पोषक खाद्य पदार्थों को शामिल करने की सलाह दी गई।

शांति समिति की बैठक में गणेश उत्सव को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

रनेह, देशबन्धु। गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर रनेह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नीतिश जैन ने की। बैठक में गणेश उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर समिति के सदस्यों एवं उपस्थित नागरिकों के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना, आयोजन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था तथा धार्मिक आयोजनों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने आयोजन समितियों से अपील की कि वे कार्यक्रम के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करें तथा ऐसी किसी भी गतिविधि से बचें, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित हो। उन्होंने आयोजन स्थलों पर भीड़ को नियंत्रित रखने, यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस एवं प्रशासन को तत्काल सूचना देने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और पर्व को आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने का आग्रह किया।

वर्ग-3 में चयनित साक्षी राजोरिया का किया सम्मान - शांति समिति की बैठक के दौरान वर्ग-3 शिक्षक पद पर चयनित हुईं कुमारी साक्षी राजोरिया अपना चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने के लिए थाना परिसर पहुंचीं। इस अवसर पर थाना प्रभारी नीतिश जैन ने उन्हें चयन पर बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। थाना प्रभारी नीतिश जैन ने कहा कि गणेश उत्सव के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी।

बैठक में गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारगण सहित रनेह थाना पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही।

लाठी से मारपीट, जान से खत्म करने की धमकी देने वाले आरोपियों को सजा

डिंडौरी, देशबन्धु। जिला अदालत ने लाठी से मारपीट और जान से धमकी देने वाले तीन आरोपियों को 2 साल के सश्रम कारावास का आदेश सुनाया।

मीडिया सेल प्रभारी अभियोजन अधिकारी दिलावर धुर्वे ने बताया कि थाना करंजिया के एक मामले में आरोपी ग्राम पकरी निवासी जोधन उर्फ तितरू सिंह उईके पिता पुनवा सिंह, (55), सिकंदर सिंह उईके पिता जोधन उर्फ तितरू सिंह (31) एवं भक्ता सिंह उईके पिता जोधन सिंह उर्फ तितरूसिंह (33) को उक्त आदेश प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अतुल श्रीवास्तव द्वारा सुनाया गया। अभियोजन के फरियादी पेशे से किसान को आरोपियों द्वारा लाठी से मारपीट व जान से खत्म करने के मामले में शिकायत पर थाना करंजिया द्वारा आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना के बाद चालान न्यायालय में पेश किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायिक न्यायायाल प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अतुल श्रीवास्तव द्वारा बोधन सिंह के संबंध में 325 भादवि में 02 वर्ष सश्रम कारावास, 1000 रुपए अर्थदण्ड व 01 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, आहत चेतराम के संबध में धारा 323 में 06 माह का सश्रम कारावास 1000/- अर्थदण्ड, 01 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, आहत भिमाहिन बाई के संबंध में 323 भादवि में न्यायालय उठने तक कारावास,500/- अर्थदण्ड 15 दिवस सश्रम कारावास, आहत चैनवती बाई 323 भादवि न्यायालय उठने तक कारावास,500/- अर्थदण्ड 15 दिवस सश्रम कारावास, आहत भगवती बाई धारा 323 भादवि में न्यायालय उठने तक कारावास,500/- अर्थदण्ड 15 दिवस सश्रम कारावास से दण्डित किया गया। अभियोजना के अनुसार 4 जुलाई 2017 को आरोपियों ने फरियादी बोधन एवं अन्य के साथ वारदात की प्रकरण में पैरवी एडीपीओ कमलेश पटले द्वारा की गई।

कलेक्टर के हस्तक्षेप से डीएलडी छात्रों को मिली राहत, दो दिन सुलझी दो साल पुरानी समस्या

डिंडौरी, देशबन्धु। डाइट रंहगी के डीएलएड पूर्व छात्रों की दो वर्षों से लंबित छात्रवृत्ति की समस्या जिला प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई से महज दो दिनों में सुलझ गई। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पहल की, जिससे सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के छात्रों को बड़ी राहत मिली। समस्या के त्वरित निराकरण के बाद छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर सभाकक्ष पहुंचा और कलेक्टर से मुलाकात कर त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया।

छात्रों ने जताया साधूवाद- छात्रों ने बताया कि लंबे समय से लंबित छात्रवृत्ति समस्या का इतनी शीघ्रता से समाधान होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कलेक्टर के साथ ही राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के अधिकारियों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

त्वरित निराकरण से छात्रों में जिला प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। यह घटना प्रशासन की जन-केंद्रित कार्यशैली का प्रतीक बनी है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने पहले भी शिक्षा और छात्र कल्याण से जुड़े मामलों में सक्रिय रुचि दिखाई है।

हाल ही में उन्होंने 'सोल्स फॉर सोल्स' पहल के तहत आदिवासी छात्रों को जूते-मोजे वितरित किए थे।

सिंचाई तंत्र की बड़ी जांच: 8 जलाशयों का स्थल निरीक्षण, किसानों को निर्बाध पानी का वादा

डिंडौरी, देशबन्धु। मानसून के तीव्र चरण में बाँधों और जलाशयों की सुरक्षा को लेकर जल संसाधन विभाग सतर्क हो गया है। सी.डी.एस.ई. (कमाण्ड एरिया डेवलपमेंट) के अंतर्गत मुख्य अभियंता, गंगा कछार जल संसाधन विभाग रीवा वी.के. मंडलोई ने 6 सितंबर को डिंडौरी जिले की सिंचाई योजनाओं और जलाशयों का अचानक स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर रहंगी, रैयपुरा, बरगाटोला, अमरपुर, भगनवारा, मोहदा, चटुवा और सुरसाटोला सहित 8 जलाशयों का दौरा कर जलभराव की स्थिति, नहर तंत्र, जल निकासी व्यवस्था और किसानों तक पहुंच रही सिंचाई सुविधा का जायजा लिया गया ।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जल संग्रहण क्षमता, वर्तमान जल उपलब्धता, नहरों के संचालन-संधारण और किसानों को मिल रही सुविधा की विस्तृत जानकारी ली।

वहीं यह कि बाँध सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मुख्य अभियंता ने साफ कहा कि बाँध सुरक्षा अब सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पिलवे, गेट और होइस्टिंग व्यवस्था, अपस्ट्रीम-डाउनस्ट्रीम क्षेत्र, बाँध की ढाल और नालियों सहित सभी महत्वपूर्ण संरचनाओं का नियमित निरीक्षण और आवश्यक संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्षा और जलभराव की स्थिति में जलाशयों की सतत निगरानी, आपात स्थिति से निपटने के लिए चेतावनी व सायरन प्रणाली, जल निकासी व्यवस्था और त्वरित सूचना-समन्वय तंत्र को प्रभावी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

पूर्व-मानसून और पश्चात-मानसून सुरक्षा परीक्षण - वहीं मुख्य अभियंता ने पूर्व-मानसून एवं पश्चात-मानसून सुरक्षा परीक्षण और आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और मैदानी अमले से कहा कि बाँध सुरक्षा, जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और किसानों को निर्बाध सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर निगरानी और समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया।

किसानों को मिलेगी बेहतर सिंचाई - निरीक्षण का सीधा संदेश है— जलाशयों की सुरक्षा और सिंचाई तंत्र की मजबूती से किसानों को निर्बाध जल आपूर्ति मिलेगी। विभाग की तैयारी इस बात पर केंद्रित है कि मानसून के बाद भी नहर तंत्र सुचारू रहे और खरीफ-रबी दोनों फसलों को पर्याप्त पानी मिले।

अवैध शराब की बिक्री और गांव-गांव आपूर्ति पर रोक लगाने की मांग

भगवती मानव कल्याण संगठन ने एसडीएम को कलेक्टर व एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु । सागर जिले के बंडा क्षेत्र में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद तेंदूखेड़ा क्षेत्र में भी अवैध शराब के कारोबार को लेकर चिंता सामने आने लगी है इसी को लेकर बुधवार को भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारत शक्ति चेतना पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक दमोह के नाम संबोधित ज्ञापन तेन्दूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वामी को सौंपकर अवैध शराब की बिक्री एवं लायसेंसी दुकानों से गांव-गांव शराब पहुंचाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की

गांव-गांव शराब भेजने के लगे आरोप - ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि तेंदूखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत तेंदूखेड़ा, तारादेही, झलौन और तेजगढ़ स्थित लायसेंसी शराब दुकानों से कथित रूप से गांव-गांव शराब पहुंचाई जा रही है। संगठन ने संबंधित शराब दुकानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा आवश्यकता होने पर लाइसेंस निरस्त करने की मांग की ज्ञापन में प्रशासन से अवैध शराब बिक्री वाले संभावित ठिकानों पर छापामार कार्रवाई करने, प्रत्येक शराब दुकान से शराब के सैंपल लेकर उनकी जांच कराने तथा जांच रिपोर्ट आने तक दुकानों को बंद रखने की मांग भी की गई। इसके अलावा शराब दुकानों पर कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी एवं पता दुकान के सामने चस्पा करने और आपराधिक प्रवृत्ति वाले कर्मचारियों को हटाने की मांग रखी गई ।

बार-बार पकड़े जाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई - ज्ञापन में संगठन ने यह भी मांग की कि अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री में बार-बार पकड़े जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा संबंधित शराब दुकान के जिम्मेदार व्यक्ति के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किया जाए। ज्ञापन सौंपते हुए संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर क्षेत्रवासियों के साथ विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी ।

ज्ञापन में यह रहे मौजूद - इस दौरान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिह ठाकुर , रामकुमार परस्ते ,सतीष कुर्मी, घनश्याम, राजेश पाल, धीरज सिंह नारायण सिंह चरण सिंह, श्यामलाल, धनीराम पाल, सुनील घनश्याम गुड्डा सिंह देवेंद्र सिंह भगुन सीग, हेमराज सिह, बबलू, मुकेश पाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

बंडा क्षेत्र में जहरीली शराब के विरोध में जयस ने सौंपा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के सागर जिले के अंतर्गत आने वाले बंडा तहसील में जहरीली शराब पीने से घटित दर्दनाक घटना अत्यंत चिंताजनक एवं गंभीर विषय है इस घटना ने समाज की प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति को झंकझोर कर रख दिया है जहरीली शराब के कारण कई परिवारों के घरों में मातम छा गया है निर्दोष लोगों की जान चली गई है जो बेहद पीड़ा दायक है हम सभी मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि इस मामले में संवेदनशीलता और गंभीरता दिखाते हुए न्याय सुनिश्चित करें जय आदिवासी युवा शक्ति जयस द्वारा राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम तेंदूखेड़ा को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मांग की गई थी बंडा तहसील में जहरीली शराब से घटित घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाए साथ ही अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि बंडा क्षेत्र में जहरीली शराब के कारण कई परिवारों ने अपनों को खोया है। इस घटना ने समाज की प्रत्येक व्यक्ति को झंकझोर कर रख दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अवैध शराब का कारोबार निरंतर किया जा रहा है। घटना से सबक लेकर क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।

युवती से दुष्कर्म, मारपीट के आरोपी को 5 साल की जेल

डिंडौरी, देशबन्धु । जिले के थाना मेहंदवानी के एक दुष्कर्म एवं मारपीट क` मामली में जिला अदालत ने आरोपी शैलेन्द्र प्रजापति पिता भेला प्रसाद प्रजापति उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हार मोहल्ला को 5 साल के कारावास का आदेश सुनाया। मीडिया सेल प्रभारी अभियोजन अधिकारी दिलावर धुवे के अनुसार आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व मारपीट करने पर मामले में शिकायत पर थाना मेहंदवानी पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चात चालान न्यायालय में पेश किया गया।

उक्त मामले की सुनवाई करते हुए द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी शैलेन्द्र प्रजापति को धारा 69 बीएनएस में 5 वर्ष कारावास एवं 2000 अर्थदण्ड व अर्थदण्ड अदा न करने पर 06 माह का कारावास से दण्डित किया गया। अभियोजन के अनुसार प्रार्थिया थाना मेंहदवानी जिला डिण्डौरी की हमराह अपनी मां के साथ थाना पहुंची और मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी का काम करती हैं एवं मजदूरी करने दूसरे गांव जाती हैं।इसी दौरान उसकी जान पहचान अभियुक्त से ग्राम मेंहदवानी के बाजार में हुई।पीड़िता और आरोपी शैलेन्द्र एक दूसरे को पंसद करने लगे एवं लगातार बातचीत करने लगे। आरोपी ने उससे शादी का प्रलोभन दिया और 14 जनवरी 2025 को पीड़िता को अपने साथ अपने घर ग्राम मेंहदवानी कुम्हार मोहल्ला ले गया।उस समय उसके घर में कोई नही था जिसका लाभ उठाकर आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।

जिसके बाद आरोपी पीड़िता को अपने घर के बाजू में एक कमरा में रहने को दिया। जिसमें पीड़िता करीब डेढ़ माह रही जहां आरोपी लगातार उसका दैहिक शोषण करता रहा और शादी की बात पर टाल-मटोल करता रहा।02 मार्च 2025 को पीड़िता ने फिर से आरोपी से शादी की बात कही जिस पर आरोपी ने आक्रोश में आकर पीड़िता के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और धमकाया कि कि दोबारा शादी करने की बात कही तो उसे जान से खत्म कर दूगा। आरोपी ने पीड़िता को धमकाते हुए घर से निकाल दिया। वहां से लौटकर पीड़िता ने अपनी मां के पास पहुंचकर पूरी घटना बताई जिसके बाद पीड़िता अपनी माँ के साथ थाने में रिपोर्ट कराने पहुंची और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।